# राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)

## (नैक तृतीय चक्र पूर्ण)

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

## उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत संगोष्ठी

## विषय: ग्रामीण नवाचार तथा ग्रामीण परिवेश में महिलाऐं

**दिनांक:०२ अप्रैल,२०२१**

**अपरान्ह:-२:००-३:००**

**डा० पी०के० वार्ष्णेय**

**प्राचार्य/संरक्षक**

Redefining the Meanings of Education

## कार्यक्रम रूपरेखा

| क्र० संख्या | कार्यक्रम विवरण | वक्ता |
|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम परिचय एवं मंच संचालन | डा० सै० अरशद रिजवी |
| 2 | आख्या प्रस्तुतिकरण | डा० अमित अग्रवाल |
| 3 | शुभारंभ की घोषणा एवं उद्बोधन | डा० कुसुमलता |
| 4 | वक्तव्य- मुख्य वक्ता | डा० प्रवेश कुमार, असि० प्रो०, बी०एड० |
| 5 | धन्यवाद ज्ञापन | डा० मीनाक्षी गुप्ता |
| 6 | समापन | सामूहिक राष्ट्रगान |

संयोजक- डा० बेबी तबस्सुम
आयोजक- डा० ललित कुमार
रिपोर्ट संकलन एवं संम्प्रेषण- डा० एम०पी०एस० यादव
तकनीकी सहायक- डा० राजू

**Web Link to join**
**https://meet.google.com/wva-fmuo-pzi**

# GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR

**Re-Acceredited 'B' by NAAC**

**Affiliated by M.J.P rohilkhand University, Bareilly**


वेबिनार आख्या

कार्यालय ,राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर ,उ0प्र0

दिनाँक**: 02/04/2021**

आज दिनांक 2 अप्रैल 2021 को अपराहन 2:00 बजे से राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत **"ग्रामीण नवाचार तथा ग्रामीण परिवेश में महिलाओं"** शीर्षक पर वेबीनार का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के वार्ष्णेय जी ने कहा कि सरकार का मिशन शक्ति अभियान शारदीय नवरात्रि से आरंभ होकर ग्रीष्म नवरात्रि तक आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों पर अनेक कार्यक्रम तथा वेबिनारआयोजित किए जा रहे हैं ताकि समाज में महिलाओं तथा बालिकाओं के प्रति बढ़ते अपराध को रोका जा सके और एक ऐसा माहौल विकसित किया जा सके जिसमें महिलाओं तथा बालिकाओं को सम्मानीय स्थान प्राप्त हो सके क्योंकि भारतीय समाज में कुछ ऐसी रूढ़िवादी परंपरा रही हैं जिनसे महिलाओं की स्थिति दयनीय रही है। वर्तमान समय में भी कुछ ऐसी विकृत मानसिकता की वजह से महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े है। डॉ अमित अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग द्वारा विगत कार्यक्रम की आख्या प्रस्तुत की गई। डॉक्टर कुसुम लता एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत विभाग द्वारा सभी का स्वागत उद्बोधन किया गया और उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि महिलाएं हमेशा से ही बहुत सारी समस्याओं से ग्रस्त रही हैं बे बहुत सारे अधिकारों से वंचित रही हैं उन्हें जो अधिकार मिलना चाहिए वह नहीं मिल सके जबकि सरकार द्वारा उनके स्वाबलंबन ,सम्मान तथा सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रयास किए जाते रहे हैं। वर्तमान में हमारे देश की महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है। आज के मुख्य वक्ता डॉक्टर प्रवेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर b.ed विभाग ने अपने संबोधन में बताया की महिलाओं तथा बालिकाओं के प्रति बढ़ते अपराध आज देश के प्रमुख समस्या है जबकि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सम्मानीय व उच्च स्थान रहा है और देश व समाज के निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन एक युग के बाद वे विभिन्न अधिकारों से वंचित रही विभिन्न कुरीतियों का शिकार हुई और आज भी वह विकृत मानसिकता का शिकार हो रही है उन पर दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध संपूर्ण समाज के लिए चिंता का विषय है । लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश की महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है। भारतीय संविधान में भी सभी को समान अवसर दिए हैं और इसी का परिणाम है की आजादी के बाद हमारे देश की महिलाओं ने भी विभिन्न क्षेत्रों में मिसाल कायम की। आज ग्रामीण स्तर में भी महिलाएं विभिन्न उद्योगों तथा व्यवसाय के माध्यम से आगे बढ़ रही हैं। डॉ मीनाक्षी गुप्ता मनोविज्ञान विभाग द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया इस अवसर पर समस्त विद्वान प्राध्यापक , प्राध्यापकाए,छात्र-छात्राएं एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया। वेबिनार का सफल संचालन डॉ सईद अरशद रिजवी,एसोसिएट प्रोफेसर ,उर्दू विभाग द्वारा किया गया। इस वेबीनार में तकनीकी सहायक के रूप में डॉ राजू एवं कामिल हुसैन ने अपनी अहम भूमिका निभाई ।

Principal
Govt. Raza P.G. College
Rampur (U.P.)